सी ए पी एफ के लिए अवसंरचना

12वीं योजना के दौरान सरकार ने सी ए पी एफ के लिए 8482.74 करोड़ रु. की अनुमानित लागत की अवसंरचना स्वीकृत की है, ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

असम राइफल्स	12वीं योजना अवधि के दौरान असम राइफल्स की विभिन्न स्थापनाओं पर अवसंरचना के निर्माण रिहायशी भवन + कार्यालय भवन की अनुमानित लागत 969.96 करोड़ रु. है। अवसंरचना में 840 मकानों तथा अन्य कार्यालय भवनों को शामिल किया जाएगा।
एस एस बी	12वीं योजना के दौरान एस एस बी की विभिन्न स्थापनाओं पर अवसंरचना के निर्माणों (रिहायशी भवन + कार्यालय भवन + सीमा चौकियां) की लागत 3510.07 करोड़ रु. है। अवसंरचना में 2000 मकानों तथा 10 बैरकों एवं अन्य कार्यालय भवनों का निर्माण शामिल होगा।
बी एस एफ	12वीं योजना के दौरान बी एस एफ की विभिन्न स्थापनाओं पर अवसंरचना के निर्माणों (रिहायशी भवन + कार्यालय भवन + सीमा चौकियां) की अनुमानित लागत 3664.61 करोड़ रु. है। अवसंरचना में 10345 रिहायशी मकानों, 111 बैरकों तथा अन्य कार्यालय भवनों सहित भूमि अधिग्रहण भी शामिल है।
सी आई एस एफ	महिपालपुर, ग्रेटर नोएडा तथा रांची में रिहायशी तथा गैर-रिहायशी अवसंरचना के निर्माण की अनुमानित लागत 337.63 करोड़ रु. है। अवसंरचना में 592 मकानों तथा 9 बैरकों एवं अन्य कार्यालय भवन का निर्माण शामिल है।